गृह मंत्रालय

# श्री अमित शाह ने आज नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय में केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में पुन: पदभार ग्रहण किया


## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा – श्री अमित शाह

## मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नई ऊँचाइयाँ मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बन कर उभरेगा

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये

प्रविष्टि तिथि: 11 JUN 2024 5:40PM by PIB Delhi

श्री अमित शाह ने आज नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय में केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में पुन: पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद ‘x’ पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नई ऊँचाइयाँ मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बन कर उभरेगा।


केन्द्रीय गृह मंत्री
केन्द्रीय गृह मंत्री

**Amit Shah**
@AmitShah · Follow

Under the stewardship of PM Shri @narendramodi Ji, I reassumed charge of the Ministry of Home Affairs today. The MHA will remain committed to the security of the nation and its people, as it always has been. Modi 3.0 will take its efforts for India's security to the next level... Show more

3:07 PM · Jun 11, 2024

28.3K Reply Share

Read 1.1K replies

इससे पहले, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान की रक्षा और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर बनाने वाले देश के वीर पुलिसकर्मियों को मैं नमन करता हूँ।





**Amit Shah**
@AmitShah · **Follow**

आज 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

देश के सम्मान की रक्षा और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर बनाने वाले देश के वीर पुलिसकर्मियों को नमन करता हूँ।

12:30 PM · Jun 11, 2024

6.3K Reply Share

**Read 196 replies**

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2024252) आगंतुक पटल : 289

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Khasi , English , Urdu , Marathi , Hindi_MP , Manipuri , Punjabi , Gujarati , Odia , Telugu , Kannada , Malayalam